दिन—शुक्रवार दिनांक— 20 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के चौथे चरण के तहत गया और औरंगाबाद जिले को दी कई सौगातें। मुख्यमंत्री तेईस मार्च से यात्रा के पांचवें चरण की करेंगे शुरूआत।

02. राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा— अब हर पंद्रह दिनों में भूमि सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

03. राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई स्थानों पर अचानक मौसम में हुआ बदलाव। दरभंगा, सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई।

04. और, ईद—उल—फित्र का त्यौहार कल पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। समृद्धि यात्रा के तहत आज औरंगाबाद में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार ने चार सौ इकतालीस करोड़ रुपए की मंजूरी पहले ही प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश को छह मेडिकल कॉलेज और मिल जायेंगे। जबकि शेष इक्कीस जिलों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

———साउंड बाइट———

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकारी नौकरियों में पैंतीस प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

———साउंड बाइट———

जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में एक लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है।

————साउंड बाइट———

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद जिले में छह सौ अड़सठ करोड़ रुपये की लागत वाली दो सौ बासठ योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान गया जिले में सात सौ चौंतीस करोड़ रुपये की लागत वाली छह सौ तिरानवे परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री कुमार ने यहां जनसभा को भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने जिले के फतेहपुर, टनकुप्पा और डोभी प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की।

———साउंड बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का पांचवा चरण तेईस मार्च से शुरू होगा। चार दिवसीय यह यात्रा छब्बीस मार्च तक चलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री जहानाबाद, अरवल, कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर, नालंदा और पटना जिले में सात निश्चय से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगे और जनसभाओं को संबोधित भी करेंगे।

---

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में पत्रकारों को बताया कि पिछले एक सप्ताह में उपभोक्ताओं को ग्यारह हजार तीन सौ टन व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति की गई है। उन्होंने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में चालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है और खुदरा दुकानों पर एलपीजी की कोई कमी नहीं है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

———साउंड बाइट———

श्रीमती शर्मा ने कहा कि शीर्ष पंद्रह गैस क्षेत्रों में लगभग चौदह हजार कनेक्शन दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि लगभग सात हजार पांच सौ उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। वहीं, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले चौबीस घंटों में कोई समुद्री दुर्घटना नहीं हुई है और सभी बाईस जहाज और छह सौ ग्यारह भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि नौवहन महानिदेशालय निरंतर इनकी निगरानी कर रहा है। श्री सिन्हा

ने बताया कि बंदरगाहों पर जहाजों की आवाजाही सामान्य है और सुचारू माल ढुलाई के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं।

---

उप मुख्यमंत्री सह–राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अब हर पंद्रह दिन में भूमि सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि प्रतिदिन के हिसाब से कार्य निपटारे का लक्ष्य तय करें। श्री सिन्हा ने कहा कि अभी तक सड़सठ प्रतिशत से ज्यादा मौजों का ड्राफ्ट प्रकाशित हो चुका है, जबकि तैंतीस प्रतिशत से अधिक का अंतिम प्रकाशन भी पूरा कर लिया गया है।

---

ईद–उल–फित्र का त्यौहार कल पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इमारते शरिया बिहार, ओडिसा और झारखंड की ओर से पटना सहित कई हिस्सों में ईद का चांद देखे जाने की सूचना मिली है। कल सुबह राजधानी पटना के गांधी मैदान समेत प्रदेशभर के सभी ईदगाहों में ईद की सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इधर, ईद को लेकर बाजारों में चहल–पहल और रौनक देखी जा रही है।

---

प्रदेश में ईद, चैत नवरात्र, चैती छठ, रामनवमी और बिहार दिवस को लेकर उत्सव का माहौल है, बाजारों में रौनक देखी जा रही है। त्योहारों के माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पटना जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. और एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि ड्रोन, सीसीटीवी और वीडियो कैमरों से निगरानी की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की भी निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम गठित की गयी है।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई स्थानों पर आज तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि के समाचार हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि दरभंगा, सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण समेत कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। कई स्थानों पर ओलावृष्टि की भी खबर है। इस बारिश से रबी की फसल को नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज मधुबनी, समस्तीपुर, सारण और वैशाली जिले के कुछ स्थानों पर मध्यम स्तर की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है।

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार देश के विभिन्न भागों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए त्वरित उपाय कर रही है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौहान ने बताया कि अधिकारियों से नुकसान का तत्काल आकलन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने को कहा गया है।

———साउंड बाइट——— .

श्री चौहान ने कहा कि पश्चिम विक्षोभ की संभावना को देखते हुए सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर गुणवत्ता वाली पैदावार से बाजार में उच्च कीमतें मिल सकती हैं और किसानों को एमएसपी से भी अधिक फायदा मिल सकता है।

---

रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दानापुर से पुणे के लिए एक वन–वे स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। इसमें शयनयान श्रेणी के अठारह कोच होंगे। यह ट्रेन तेईस मार्च को आठ बजकर पचपन मिनट पर दानापुर से खुलेगी। यह ट्रेन आरा–प्रयागराज–जबलपुर के रास्ते पुणे तक जाएगी।

---

आज विश्व गौरैया दिवस है। इस दिवस का उद्‌देश्य गौरैया की घटती संख्या को बढ़ाने के संबंध में जागरूकता और संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देना है। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद ने इस मौके पर जारी अपील में लोगों से पेड़–पौधों, नदी, झील, तालाब और पोखरों के संपोषण और संरक्षण का आग्रह किया है। पर्षद ने कहा है

कि गौरैया का संरक्षण प्राकृतिक जैव विविधता का संरक्षण है और इसके लिए हर व्यक्ति को प्रयासरत रहना चाहिए। गौरैया दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि बिहारवासियों को अपने राजकीय पक्षी के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।

---

राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडेय ने कहा है कि प्रदेश के सभी छप्पन अनुमंडलीय अस्पतालों में डायलिसिस सेंटर की स्थापना अगले तीन महीनों में कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से किडनी के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी जिला अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है और इसका विस्तार अब अनुमंडलीय अस्पतालों तक किया जा रहा है।

---

अररिया व्यवहार न्यायालय की अदालत ने शराब तस्करी के दोषी एक व्यक्ति को पांच साल की कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है।

---

पश्चिम चंपारण के पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने बताया है कि बेतिया थाना क्षेत्र में चोरी के चौबीस टन चावल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

---

मुंगेर जिले के मध्य विद्यालय सजुआ के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव ने बताया कि विद्यालय में आपत्तिजनक गतिविधियों के कारण प्राचार्य के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

---

मधुबनी जिला मुख्यालय स्थित वाटसन हाई स्कूल परिसर में आज दो दिवसीय मिथिला महोत्सव की शुरूआत हुई। इसका उद्‌घाटन जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

---